सात दिवसीय विशेष शिविर

Organized by	: राष्ट्रिय सेवा योजना प्रकोष्ठ गुरु घासीदास दास केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Collaborating Agency	: ग्राम पंचायत पचरा
Date of Extension Activity	: 10 मार्च से 16 मार्च 2018
Venue	: पचरा ग्राम

A Brief Abstract of the Event (Maximum 500 Words):

पचरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का संक्षिप्त विवरण

(10 मार्च से 16 मार्च 2018)

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, कला अध्ययनशाला इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर विश्वविद्यालय के द्वारा लिया गया गोद्ग्राम पचरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल में 10 मार्च से 16 मार्च 2018 तक आयोजित किया गया। इस शिविर में **कला अध्ययनशाला इकाई, महिला इकाई और जीवविज्ञानं अध्ययनशाला इकाई का सयुक्त आयोजन** के 70 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया ! शिविर के शुरुआत में हीं विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप से करने के लिए स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों मसलन रानी लक्ष्मीबाई समूह, रबिन्द्रनाथ टैगोर समूह, महात्मा गांधी और आज़ाद समूह आदि में विभाजित कर कार्य का विभाजन कर दिया गया, जो कि प्रतिदिन परिवर्तनशील होता था। प्रतिदिन सुबह में स्वयंसेवकों के द्वारा गोद ग्राम में प्रभात फेरी निकाली जाती तथा व्यायाम - योग के साथ सूर्यनमस्कार कराया जाता था।इसके बाद सभी स्वयंसेवकों के द्वारा गांव निरीक्षण हेतु रैली निकाली जाती, जहां गांव की समस्याओं और सुविधाओं का सर्वेक्षण किया जाता ताकि विशेष शिविर के दौरान समस्याओं का निदान किया जा सके। इसी कड़ी में स्वयंसेवकों के द्वारा "स्वच्छता विषय" पर सर्वे किया गया! परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों के द्वारा तालाब की सफाई, विद्यालय परिसर की साफ सफाई, पल्स पोलियो अभियान का आयोजन, स्कूल में बच्चों को शैक्षणिक ज्ञान देने.. इत्यादि कार्य किया गया! बौद्धिक परिचर्चा के दौरान स्वयंसेवकों के लिए "ग्रामीण विकास के लिए युवा" 'स्वच्छ भारत- स्वस्थ मानस' "वितीय साक्षरता एवं साख समाधान केंद्र" "वृक्षों की महता" एवं "राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल अर्थ" तथा "बेहतर जीवन जीने की कला" इत्यादि सामाजिक महत्व के विशेष विषयों पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं विषय विशेषज्ञ के द्वारा आयोजित किया गया! प्रतिदिन शाम को स्वयंसेवकों के लिए रासेयो आधारित पारंपरिक खेल "कितने भाई कितने" एवं "राम-रावण" इत्यादि का आयोजन किया गया ! रात्रि भोजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिवरार्थियो के समस्त समूहों द्वारा अपनी रोचक प्रस्तुति दी जाती थी, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष गीतों, नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति गीत, पारंपरिक क्षेत्रीय नृत्य आदि का प्रदर्शन किया जाता था ।

इस सात दिवसीय विशेष शिविर का नेतृत्व एवं प्रतिदिन निरीक्षण का कार्य कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बिर्जेश तिवारी के द्वारा किया गया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों का पथ प्रदर्शन इकाई के कार्यक्रम अधिकारीयों डॉ मनीष त्रिपाठी,डॉ रमेश गोहे और अर्चना कुमारी के द्वारा किया गया।

Summary Sheet

Date (DD-MM-YYYY)	Details of Extension Activity Carried out	Name(s) of Accompanying Faculty Member(s)	Number of Participants
11-03-2018	विद्यालय परिसर की सफाई	डॉ रमेश गोहे	20
12-03-2018	तालाब की सफाई	डॉ मनीष त्रिपाठी	20
13-03-2018	स्वयं सेवको द्वारा स्कूल में की शैक्षिक गतिविधि	डॉ रमेश गोहे	20
14-03-2018	स्वछता अभियान	डॉ मनीष त्रिपाठी	20
15-03-2018	पल्स पोलियो अभियान में वृहद् भागीदारी	डॉ मनीष त्रिपाठी, डॉ रमेश गोहे और डॉ अर्चना कुमारी	70
16-03-2018	स्वच्छता जागरूकता रैली	डॉ मनीष त्रिपाठी और डॉ रमेश गोहे	70

विद्यालय परिसर की सफाई

तालाब की सफाई

स्वयं सेवको द्वारा स्कूल में की शैक्षिक गतिविधि

स्वछता अभियान

पल्स पोलियो अभियान में वृहद् भागीदारी

स्वच्छता जागरूकता रैली

कार्यक्रम समन्वयक
Programme Coordinator
रा.से.यो. प्रकोष्ठ / N.S.S. Cell
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.) / Bilaspur (C.G.)